भिलाईवॉल पेंटिंग के माध्यम से दे रहे स्वच्छता का संदेश, दीवारों पर रंग रोगन की सुंदर कलाकृति

भिलाई नगर/ निगम के महापौर श्री नीरज पाल और आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे के निर्देश पर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई हर संभव प्रयासरत है! स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के लिए निगम के विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता का संदेश देते हुए वॉल पेंटिंग बनाई जा रही है। नेहरू नगर जोन , वैशाली नगर जोन, मदर टेरेसा नगर एवं शिवाजी नगर जोन में वॉल पेंटिंग की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों , अधिक आवागमन वाले स्थलों , मुख्य सड़कों के किनारे व शौचालय की दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दे रहे है , दीवारों पर रंग रोगन के साथ ही सुंदर चित्र बनाकर स्वच्छता का महत्व बताते हुए आमजन को जागरूक कर रहे है। स्वच्छता महाअभियान के तहत रहवासी क्षेत्रों की सड़क, नालियों की नियमित सफाई करने के साथ ही शहर में झिल्ली, पन्नी के कचरे को भी हटाया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई स्वच्छ भारत अभियान के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने सार्वजनिक स्थानों , मुख्य उद्यानों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख सड़कों के किनारे व चौक चौराहों पर वॉल पेंटिंग बनवाई है। गोल बाजार क्षेत्र, गौरव पथ, कोहका, कुरूद क्षेत्र, जुनवानी, नेहरू नगर, राधिका नगर, लक्ष्मी नगर, इंदिरा नगर, आकाशगंगा मार्केट इत्यादि स्थानों पर वॉल पेंटिंग की गई है। मेरा भिलाई साफ हो इसमें हम सबका साथ हो नारा को साकार करने दीवारों पर रंग रोगन करने के साथ ही सुंदर सुंदर चित्र बनाकर स्वच्छता के महत्व का संदेश दे रहे है। निगम द्वारा कराए जा रहे वॉल पेंटिंग में जल संरक्षण , तालाब के आस-पास की सफाई से संबंधित , गार्डन में गंदगी न फैलाने, वृक्षारोपण करने, सिंगल यूज्ड पॉलिथीन का उपयोग न करने, सार्वजनिक शौचालय को गूगल पर कैसे जानकारी प्राप्त करें, गीला एवं सूखे कचरे को नीले हरे डिब्बे में डाल कर देना , कचरा दिखने पर निदान 1100 में कॉल कर सूचना देना, मेरा शहर साफ हो इसमें मेरा भी हाथ हो तथा निगम क्षेत्रों के दीवारों पर चित्रों के माध्यम से छोटे बच्चों को भी स्वच्छता संबंधित संदेश प्रसारित की जा रही है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए निगम अथक प्रयास कर रहा है। नागरिकों की सहभागिता इसमें अत्यंत आवश्यक है उन्हें जागरूक करने नित्य नए प्रयास किए जा रहे हैं। नगर पालिक निगम भिलाई आम नागरिकों से अपील करता है कि भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में नंबर वन बनाने के लिए सहयोग करें, अपने घरों के आसपास सफाई रखें , गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में देवें , कचरा डस्टबिन में ही डालें, प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग न करें।